एक नजर.....

रिलीज से पहले ही ऋषि कपूर ने देखा संजू का ट्रेलर, कह दी ऐसी बात!

वरिष्ठ अभिनेता ऋषि कपूर ने फिल्म 'संजू' के ट्रेलर में अपने बेटे और अभिनेता रणबीर कपूर का काम देखकर खुशी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि रणबीर का काम देखकर उन्हें गर्व हो रहा है। राजकुमार हीरानी निर्देशित 'संजू' अभिनेता संजय दत्त के जीवन पर आधारित है, जिसमें शीर्षक किरदार रणबीर कपूर ने निभाया है। एक बयान के अनुसार 'संजू' का ट्रेलर देखकर ऋषि कपूर ने कहा, राजकुमार हीरानी ने रणबीर को जिस तरह से पर्दे पर उतारा है, वह सबसे शानदार बात है। बेटे ने वाकई अच्छा काम किया है। मुझे उन पर बहुत ज्यादा गर्व है। मैं नीतू (पत्नी) और रणबीर की कसम खाकर कहता हूं, मुझे नहीं लगा कि वह रणबीर है, मुझे लगा ये संजय दत्त हैं। उन्होंने कहा, आपको नहीं पता कि उस समय मैं कितना भावुक हो गया, जब विनोद (चोपड़ा) और राजू (राजकुमार हीरानी) ने मुझे ट्रेलर दिखाया। मैंने ट्रेलर में रणबीर को जब सबसे पहले जेल में देखा, मुझे लगा वह संजय दत्त हैं।

फिल्म में रणबीर कपूर के अलावा परेश रावल, मनीषा कोइराला, विक्की कौशल, सोनम कपूर और दीया मिर्जा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फॉक्स स्टार स्टूडियोज के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण संयुक्त रूप से विनोद चोपड़ा और राजकुमार हीरानी कर रहे हैं। 'संजू' आज से ठीक एक महीने बाद 29 जून को रिलीज होगी।

आदत में एक बार फिर साथ नजर आएंगे करण-बिपाशा

बॉलिवुड कपल बिपाशा बासु औरकरण सिंह ग्रोवर एक बार फिर से बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। यह रियल लाइफ कपल फिल्म आदत में साथ नजर आएगे जिसेविक्रम

भट्ट ने लिखा है। बिपाशा और करण की फैन फॉलोइंग को देखते हुए फिल्म की स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव भी किए गए हैं। हमारे सहयोगी मुंबई मिरर ने कुछ दिनों ही पहले बताया था कि बिपाशा बासु सिंगर मीका सिंह की फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी की तैयारी कर रही हैं। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी भूषण पटेल को दी गई है जबकि फिल्म की स्क्रिप्ट फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट ने लिखी है। फिल्म की लोकेशन को फाइनल करने के लिए भूषण पिछले हफ्ते लंदन भी गए थे। विक्रम भट्ट ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि आदत उन्होंने ही लिखी है। आपको बता दें कि भूषण ने ही 2015 में बिपाशा और करण की हॉरर फिल्म अलोन का निर्देशन किया था।

रेस 3 के ट्रोलर्स को सलमान खान ने दिया करारा जवाब

बॉलिवुड अभिनेता सलमान खान ने सोमवार की शाम मुंबई में अपने शो दस का दम का दूसरा भाग लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने सबसे पहले अपनी फिल्म रेस 3 को लेकर बनाए गए एक मजाकिया स्यूफ को दिखाया और इस मजाक पर सलमान खुद खूब हंसे भी। सलमान ने इस मौके पर सोशल मीडिया ट्रोलर्स को करारा जवाब देते हुए कहा कि जो लोग हमारी फिल्म का ट्रेलर ट्रोल कर रहे हैं।

बेटी सारा को कानूनी शिकंजे से बचाने आगे आए सैफ अली खान

सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान पहले से ही अपने डेब्यू को लेकर परेशानी में हैं। उनकी डेब्यू फिल्म केदारनाथ पहले तो अपने ही प्रड्यूसर्स के विवाद के कारण अधर में लटक गई थी। इसके बाद प्रड्यूसर्स का विवाद खत्म हुआ और फिल्म अकेले अभिषेक कपूर की झोली में आ गई तो लगा कि अब सब ठीक हो गया है। लेकिन अब भी सारा की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब वह कानूनी उलझनों में फंस गई हैं और उन्हें इससे निकालने के लिए उनके साथ

खड़े होने के लिए आगे आए हैं पापा सैफ अली खान।

दरअसल, जब अभिषेक कपूर की फिल्म केदारनाथ प्रड्यूसर्स के विवाद में फंसी हुई थी, उसी बीच सारा ने रणवीर सिंह के ऑपोजिट करण जौहर की फिल्म सिंबा साइन कर ली। अब जब केदारनाथ पटरी पर आई तो सारा को बताया गया कि उन्हें फिल्म की शूटिंग मई से जुलाई तक करनी होगी। इसपर सारा के एजेंट ने प्रड्यूसर से कहा कि वह जून में शूटिंग नहीं कर पाएंगी क्योंकि उस वक्त वह दूसरी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त होंगी।

अभिषेक के प्रॉडक्शन हाउस ने इसे सारा द्वारा साइन किए गए करार का उल्लंघन बताते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का दरावाजा खटखाया और सारा को उनके डेडेस फॉलो करने के लिए निर्देश देने के लिए कहा।

सोशल मीडिया पर रणवीर से जुड़े दीपिका के घरवाले

बॉलिवुड में इस समय शादियों का दौर चल रहा है। सोनम कपूर-आनंद आहूजा और हिमेश रेशमिया-सोनिया कपूर के बाद अब दीपिका-रणवीर की शादी की चर्चा जोरों पर है। ऐसी अफवाह है कि दोनों इसी साल के अंत तक शादी करने वाले हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर दोनों की फैमिली के बीच बढ़ती नजदीकी भी देखी जा सकती है।

हालांकि दीपिका और रणवीर ने अपने रिश्तों के बारे में अभी तक खुलकर कोई बात नहीं की है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी ऐक्टिविटी तो कुछ और ही बयां कर रही है। अभी कुछ दिन पहले ही दीपिका की बहन अनीशा ने रणवीर को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरु किया था, उसके बाद रणवीर ने भी उन्हें फॉलो किया। वहीं, दूसरी तरफ दीपिका ने भी रणवीर की मां अंजू भावनानी को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरु कर दिया है। आपको बता दें कि हाल में ही कई मौकों पर दोनों एक दूसरे की फैमिली के साथ देखे भी गए हैं। अब रणवीर और दीपिका अपने रिश्ते के बारे में खुलकर भले ही कुछ न कहें ।

पत्नी के साथ छुट्टियों के प्लान को शाहिद ने किया कैंसल

बॉलिवुड ऐक्टर शाहिद कपूर ने पत्नी मीरा और बेटी मीसा के साथ प्लान की गई छुट्टी को कैंसल कर दिया है। शाहिद ने ऐसा अपनी आने वाली फिल्म बत्ती गुल मीटर चालू की शूटिंग डेट बढ़ जाने की वजह से किया। बता दें कि

शाहिद कपूर और श्रद्धा कपूर जल्द ही श्री नारायण सिंह की बत्ती गुल मीटर चालू में नजर आने वाले हैं। इससे पहले वे दोनों हैदर में भी साथ नजर आ चुके हैं।

फिल्म बत्ती गुल मीटर चालू महंगे बिजली बिल के मुद्दे पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग जून से पहले ही पूरी हो जानी थी, लेकिन देरी की वजह से अब यह जून तक पूरी होगी। इसकी शूटिंग खत्म होते ही शाहिद को अर्जुन रेड्डी के लिए अपनी तैयारी शुरु करनी है। यही वजह रही कि शाहिद को अपना प्लान कैंसल करना पड़ा। आपको बता दें कि मीरा दूसरी बार मां बनने वाली हैं और उन्हें उम्मीद थी उनकी यह छुट्टी काफी स्पेशल होती।

राजी देख बोलीं कंगना, आलिया सही मायने में क्वीन हैं

मेघना गुलज़ार निर्देशित फिल्म राजी बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही। आलिया भट्ट और विकी कौशल स्टारर इस फिल्म ने तीसरे रविवार को 4.42 करोड़ रुपए की कमाई की और तीसरे वीक में कुल 102.50 करोड़ रुपए की कमाई कर डाली। फिल्म क्रिटिक्स के अलावा आम दर्शक भी राजी की जमकर तारीफ कर रहे और इन सबके अलावा बॉलिवुड स्टार्स को भी खूब पसंद आ रही है यह फिल्म। पिछले दिनों बॉलिवुड क्वीन कंगना रनौत ने भी यह फिल्म देखी। फिल्म देखकर कंगना आलिया से काफी इम्प्रेस हो गई हैं। राजी देखकर बाहर निकलीं कंगना से मीडिया ने जब फिल्म को लेकर उनसे सवाल किया तो उन्होंने

बताया कि वह आलिया भट्ट से काफी इम्प्रेस हैं। उनकी तारीफ में उन्होंने यहां तक कह डाला कि आलिया सही मायने में बॉलिवुड की क्वीन हैं। उन्होंने डायरेक्टर मेघना गुलज़ार के काम की भी खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि मेघना ने शानदार काम किया है और फिल्म जिस तरह की थीम पर है ऐसे में इस फिल्म का 100 करोड़ क्लब में शामिल होना एक बड़ी बात है और यह फिल्म वालों के लिए एक प्रेरणा की तरह है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजी साल 2018 की 100 करोड़ क्लब में शामिल होनेवाली पांचवीं फिल्म है। बताना चाहेंगे कि इससे पहले पद्मावत, सोनू के टीटू की स्वीटी, बागी 2, रेड फिल्में 100 करोड़ क्लब की लिस्ट में पहुंच चुकी है। इनफैक्ट 2 स्टेट्स और बद्रीनाथ की दुल्हनिया के बाद 100 करोड़ क्लब में एंट्री मारने वाली यह आलिया की तीसरी फिल्म है। यह फिल्म एक भारतीय जासूस सहमत की कहानी कहती है, जो देश की रक्षा के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगा देती है। फिल्म की कहानी है 1971 के दौरान भारत-पाक के बीच तनावपूर्ण माहौल को दिखाती है, जो बाद युद्ध में तब्दील होता है।

अब समझ गया हूं, बार-बार शादी का सवाल क्यों पूछा जाता है : सलमान खान

अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म रेस 3 के प्रमोशन और प्रॉडक्शन के अलावा अपने 10 साल पुराने शो दस का दम के दूसरे भाग की शूटिंग में भी जुटे हैं। मुंबई में हुए दस का दम लॉन्च के मौके पर सलमान खूब मूड में नजर आए। कभी वह अपनी फिल्म रेस 3 के ट्रेलर को लेकर खुद मजाक उड़ाते नजर आए तो कभी फिल्म में लिखे खुद के गीत गुनगुनाएं। इस मौके पर अपनी शादी से जुड़े एक

सवाल पर जवाब देते हुए सलमान ने कहा कि अब उन्हें समझ में आ गया है कि सभी लोग उनसे, उनकी शादी को लेकर सवाल क्यों पूछते हैं। शादी का सवाल प्रेस कॉन्फ्रेस के खत्म होने का संकेत है

सलमान से सवाल पूछा गया कि कितने प्रतिशत भारतीयों को लगता है कि सलमान खान की शादी अब हो जानी चाहिए। शादी के सवाल पर सलमान के माथे पर हमेशा शिकन आ ही जाती है और ऐसा ही कुछ हुआ इस सवाल के बाद भी। सवाल सुनने के बाद सलमान जोर से हंसने की झूठी कोशिश करते हुए बोले, वाह क्या सवाल है। यह सवाल प्रेस कॉन्फ्रेस के खत्म होने का संकेत है।

आ गया रजनीकांत की फिल्म काला का ट्रेलर

सुपरस्टार रजनीकांत फैन्स को अपना जलवा दिखाने के लिए एक बार फिर से तैयार हैं। इस बार रजनीकांत अपनी फिल्म काला को दर्शकों के बीच लाने के लिए तैयार हैं। फैन्स भी इस फिल्म का काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। फिल्ममेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज किया है और यह फैन्स को फिल्म देखने के लिए ललचाने के लिए काफी है। धनुष ने भी इस ट्रेलर को अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है। ट्रेलर की शुरुआत में नाना पाटेकर एक स्लम एरिया के लोगों को संबोधित करते हुए नजर आते हैं। इसके बाद

रजनीकांत की ग्रैंड लेकिन कॉमिक अंदाज में एंट्री होती है। ट्रेलर में रजनीकांत को काफी स्क्रीन स्पेस दिया गया है। रजनीकांत को हुमा कुरैशी के साथ भी स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाया गया है।

यह फिल्म एक गैंगस्टर ड्रामा है जिसमें रजनीकांत काला करीकलन नाम के गैंगस्टर का रोल कर रहे हैं।

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 22 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.22 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

राशिफल

मेष : आप इन दिनों काफी ऊंचे ख्यालों में खोए रहेंगे तथा कुछ कल्पनाएं आपके मन को व्यथित कर सकती हैं। नई परियोजनाओं की शुरूआत करें और दूसरों का सहयोग लेने में झिचक न दिखाएं।

वृषभ : इस समय आपको कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ सकता है। दाम्पत्य जीवन ठीक रहेगा। नवीन रोजगार प्राप्ति में सहायता मिलेगी।

मिथुन : इस समय आपको नए कार्यों की योजना बनानी चाहिए। ग्रह स्थितियां अनुकूल होने के कारण संघर्ष अनुरूप सफलता का प्रतिशत भी अच्छा होगा।

कर्क : महत्त्वपूर्ण पदों पर बैठे प्रभावशाली लोग आपका पक्ष लेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु आप प्रयासरत रहेंगे। मन में शांति होगी।

सिंह : चित्तीय कार्य निपटाना और नए निवेश से आपको लाभ हो सकता है। आजीविका के क्षेत्र में परिवर्तन भी देखने को मिलेगा। राजकीय कार्यों में लाभ होगा।

कन्या : समय प्रबंधन से आप कई रुके हुए काम कर सकते हैं, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अनिश्चितता के कारण मानसिक तनाव की स्थितियां आएंगी।

तुला : सहयोग के साथ विरोधों का भी सामना करना पड़ सकता है। व्यवसाय में अत्यंत प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

वृश्चिक : आपकी मेहनत की सराहना तो होगी लेकिन साथ ही शत्रुओं का आपके प्रति वैमनस्य भी बढ़ेगा। तमाम कोशिशों के बावजूद आर्थिक स्थिति आपके पक्ष में नही होगी।

धनु : कामयाबी का रास्ता खुल रहा है, नए संबंधों से फायदा होगा। आपका कार्य कौशल उभरकर सामने आएगा। आपको वांछित सहयोग भी मिलेगा।

मकर : आज कहीं बाहर जाने का कार्य म बन सकता है। जीवन में कोई बड़ा परिवर्तन लाने के लिए आप किसी विशेष तकनीक का इस्तेमाल करेंगे, जो कि भविष्य की योजनाओं हेतु लाभप्रद होगा।

कुंभ : कोई नया सौदा करते समय कागजात की अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। जीवनसाथी की बातों पर भी ध्यान दें।

मीन : कानूनी मामलों का निपटान होगा, शत्रु पक्ष आपकी गतिविधियों व ऊर्जा को देखकर ही परास्त हो जाएगा। ऋणों का पुर्ण भुगतान भी होगा।